आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
20.07.2025 01:00 पी.एम.

संसद के कल से शुरू होने वाले मॉनसून सत्र से पहले आज केन्द्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नड्डा की अगुवाई में सर्वदलीय बैठक हो रही है। नई दिल्ली में हो रही इस बैठक में सरकार संसद के दोनों सदनों में सुगम कामकाज के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील कर रही है। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हैं। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल. मुरुगन उपस्थित हैं। वहीं कांग्रेस से गौरव गोगोई और प्रमोद तिवारी, मौजूद है। इसके अलावा अन्य कई दलों के प्रतिनिधि भी बैठक में हिस्सा ले रहे है। मानसून सत्र 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान, दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी। इस सत्र में जन विश्वास (संशोधन) विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और मर्चेंट शिपिंग विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होने की संभावना है। इसके साथ ही उन्हें पारित कराए जाने की उम्मीद है। इससे पहले कल विपक्षी इंडी गठबंधन के नेताओं की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक हुई। बैठक में सत्र के दौरान विपक्ष की रणनीति पर विचार–विमर्श हुआ।

00000

भारत ने मलेरिया उन्मूलन की दिशा में बडी सफलता हांसिल की है। वैज्ञानिकों ने मलेरिया रोग के खिलाफ पहला स्वदेशी टीका तैयार कर लिया है। इसे एडफोल्सी वेक्स नाम दिया गया है, जो मलेरिया परजीवी प्लाजमोडियम फाल्सीपेरम के विरूद्ध पूरी तरह असरदार पाया गया है।

ये वैक्सीन मलेरिया के साथ–साथ मच्छर जनित अन्य संक्रमणों में भी सुरक्षा देगी। इस टीके के जल्द उत्पादन के लिए नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद आईसीएमआर ने निजी कंपनियों के साथ समझौते की प्रकिया शुरू कर दी है।

00000

केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने राजस्थान को स्वच्छ ऊर्जा का उभरता केन्द्र बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की पहचान बन गया है। यहां लगभग 70 प्रतिशत बिजली क्षमता अब नवीकरणीय ऊर्जा से आती है। श्री जोशी कल फलौदी जिले की बाप तहसील में विकसित 435 मेगावाट के गोरबीया सौर ऊर्जा परियोजना के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से करीब सवा लाख घरों को बिजली मिलेगी और हर साल लगभग 7 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आयेगी।

00000

प्रदेश में कई स्थानों पर लगातार हो रही भारी बारिश से आज से कुछ राहत मिलने के आसार है। मौसम विभाग ने आज से बारिश की गतिविधियां धीमी पडने की संभावना जतायी है। लगभग एक सप्ताह बाद भारी बारिश का नया दौर फिर से शुरू हो सकता है। इस बीच आज बीकानेर, जैसलमेर और बाडमेर मेें बरसात का पूर्वानुमान है। वहीं बीते 24 घंटों में अजमेर, उदयपुर और जोधपुर संभाग के अनेक हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई। जोधपुर के बालेसर में साढे 17 सेंटीमीटर बारिश दर्ज हुई। वहीं माउंटआबू में साढे 14 सेंटीमीटर पानी बरसा। बाडमेर, जालोर, जैसलमेर, पाली, नागौर और राजसमंद से भी अच्छी बारिश के समाचार हैं। कई जगह हुई जोरदार बारिश के बाद हालात विकट हो गये है। वहीं वर्षाजनित हादसों के कारण कल राज्यभर में विभिन्न स्थानों पर सात लोगों की मृत्यु हो गयी। अजमेर के ऊंटडा में तालाब में डूबने से तीन बालिकाओं की मृत्यु हो गई।

00000

प्रदेश में इन दिनों कावड यात्राओं की रौनक देखी जा रही है। सावन के महीने में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिये हर हर महादेव के जयकारों के साथ कावडियों की धूम है। इसी कडी में राजसमंद के काकरोली से कावड यात्रा निकाली गयी। इसमें पारम्परिक वस्त्रों में सजी धजी महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए।

**00000**

आज अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस है। यह दिन 20 जुलाई 1924 को अंतर्राष्ट्रीय शतरंज संघ की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस वर्ष समावेशिता, शिक्षा, सशक्तिकरण और मानसिक स्वास्थ्य के साधन के रूप में शतरंज के उपयोग के लिए "सामाजिक शतरंज वर्ष" की शुरुआत की गई है। इस साल की थीम "हर चाल मायने रखती है, जो हमें याद दिलाता है कि हमारा हर निर्णय हमारे जीवन की यात्रा को आकार देता है।

**00000**